भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

भा.रि.बैंक/2024-2025/43
विमुवि परिपत्र सं. 11 11 जून 2024

सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक
(एडी श्रेणी-I लाइसेंस धारक)

महोदया/ महोदय

**भारतीय रुपये (आईएनआर) में अंतरराष्ट्रीय व्यापार निपटान – व्यापारिक लेनदेन के निपटान हेतु अतिरिक्त चालू खाता खोलना**

प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I (एडी श्रेणी-I) बैंकों का ध्यान 17 नवंबर 2023 के एफईडी परिपत्र संख्या 08 की ओर आकृष्ट किया जाता है जिसके अनुसार, भारतीय रुपये (आईएनआर) में अंतरराष्ट्रीय व्यापार निपटान पर 11 जुलाई 2022 के ए.पी. (डीआईआर सीरीज) परिपत्र संख्या 10 के अनुसार विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता रखने वाले एडी श्रेणी-I बैंकों को अपने घटकों के लिए एक अतिरिक्त विशेष चालू खाता खोलने की अनुमति केवल निर्यात लेनदेन के निपटान हेतु प्रदान की गयी थी।

2. इसकी समीक्षा करने पर, तथा परिचालनगत सुगमता लाने के लिए, प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंकों (जो दिनांक 11 जुलाई 2022 के आरबीआई परिपत्र के अनुसार विशेष रुपया वास्ट्रो खाता रखते हैं, जैसा कि ऊपर उल्लिखित है) द्वारा अपने घटकों के लिए उपर्युक्त अतिरिक्त विशेष चालू खाता खोलने की सुविधा का विस्तार करते हुए इसमें निर्यात के साथ-साथ आयात लेनेदेन के निपटान को भी शामिल कर लिया गया है।

3. कृपया इस परिपत्र की विषय-वस्तु से अपने घटकों को अवगत कराएँ।

भवदीय

(एन. सेंथिल कुमार)
महाप्रबंधक